Title: Need to run new trains on Sonipat-Panipat section.

श्री किशन सिंह सांगवान (सोनीपत) : उपाध्यक्ष महोदय, हमारे हरियाणा प्रदेश में रेल समस्या भयंकर रूप धारण करती जा रही है। पिछले 30 साल से हरियाणा में कोई भी नयी रेल लाइन नहीं बिछाई गयी है, कोई भी नयी गाड़ी नहीं मिली है कोई कम्पार्टमेंट नहीं बढ़ा है। हरियाणा तीन ओर से दिल्ली से लगता है और दैनिक यात्रियों की संख्या दिनोंदिन बढ़ रही है। यात्रियों को सोनीपत-पानीपत सैक्शन पर कोई नयी गाड़ी नहीं मिल रही है, कम्पार्टमेंट नहीं बढ़ रहे हैं। दिल्ली से यात्री भूसे की तरह भरकर गाड़ियों में यात्रा करते हैं और रोजाना वहां दुर्घटनाएं हो रही हैं। बहन ममता बनर्जी ने जींद से सोनीपत का सर्वे मंजूर किया था।

उस पर कार्रवाई बड़ी धीमी गति से चल रही है। यह बहुत भयंकर समस्या है। दिल्ली देश की राजधानी है। इस समस्या का फौरन हल होना चाहिए। वहां नई रेल गाड़ियां चलनी चाहिए। वहां रोज एक्सीडेंट हो रहे हैं। केन्द्र सरकार इस तरफ तुरन्त ध्यान दे।